हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 18 जून 2025

तापमान
अधिकतम 36.1 डिग्री
न्यूनतम 22.9 डिग्री

2 करोड़ से बनेगी मॉडल टाउन की मुख्य सड़क 14



114 मामलों में 11.24 करोड़ के नशीले पदार्थ जब्त 14



## खबर संक्षेप

### अवैध खनन करने वालों पर 2.17 लाख जुर्माना

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि अवैध खनन का कार्य करने वालों के खिलाफ प्रशासन की और से और सख्ती बरती जाएगी। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को पेप्सी पुल के पास अवैध रूप से मिट्टी ले जा रहे व्यक्तियों पर चेकिंग के दौरान अवैध रूप से खनन का मामला पाया गया जिस पर विभाग की टीम द्वारा 2 लाख 17 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगा कर ट्रैक्टर को मौके पर जपत कर लिया गया।

### प्रेम विवाह करने वाले युवक पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत में एक कॉलेज में पढ़ने वाले अलग-अलग जाति के युवक-युवती ने परिवार की सहमति से मंदिर में विवाह किया, लेकिन एक सप्ताह बाद ही पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर उसे मायके भेज दिया। इतना ही नहीं, पति ने पत्नी की अनुपस्थिति में बिना गवाहों के तहसील कार्यालय में शादी रजिस्टर्ड करा ली। इसके बाद उसने अंतर्जातीय विवाह में मिलने वाली सरकारी सहायता राशि हासिल करने का प्रयास किया। वहीं, लडकी की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशातस्कर से बरामद की 21 ग्राम हेरोइन

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव शादीपुर के पास से एक नशातस्कर गांव शादीपुर निवासी संजीव वोहरा उर्फ काका को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 21 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### कार की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर

**बराड़ा।** गांव तंदवाली में शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। ये सड़क हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक शादी समारोह से लौट रहे थे। उनकी बाइक को पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। मृतक की पहचान हर्ष कुमार वासी तंदवाली के रूप में हुई है।

## करनाल नगर निगम ने सम्पत्ति कर डिफाल्टरों पर की बड़ी कार्रवाई

# 7 सम्पत्तियों को किया कुर्क, 6 मालिकों ने मौके पर 48.70 लाख के सौंपे चेक

### 24 लाख रुपये का सम्पत्ति कर लंबे समय से बकाया था

- अटैचमेंट के नोटिसों को भी गंभीरता से नहीं लिया था डिफाल्टरों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सम्पत्ति कर डिफाल्टरों के विरुद्ध नगर निगम करनाल ने मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। शहर की 7 सम्पत्तियों को अटैच यानि कुर्की की गई है।

इन सम्पत्तियों पर करीब 24 लाख रुपये का सम्पत्ति कर लंबे समय से बकाया चला आ रहा था, जिस कारण यह डिफाल्टर की श्रेणी में थे। इन सम्पत्तियों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 130 के तहत अटैच किया गया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि मंगलवार को 14 सम्पत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की जानी थी। इनमें से 7 को अटैच कर लिया गया है, जबकि 6 सम्पत्ति मालिकों ने अटैचमेंट की कार्रवाई से बचने के लिए मौके पर ही करीब 48 लाख 70 हजार रुपये की राशि के चेक टीम को सौंप दिए।

इसके अतिरिक्त एक प्रॉपर्टी, एन.एच.-44 स्थित द रूतबा पैलेस के संचालक की ओर से सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए 2 दिन का लिखित में समय मांगा है। सम्पत्ति कर एकत्र करने को लेकर उपरोक्त सभी सम्पत्ति मालिकों को 2-2 नोटिस जारी किए गए थे। इसके बाद इन्हें अटैचमेंट का नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु सम्पत्ति मालिकों के द्वारा इसे गम्भीरता से नहीं लिया गया, जिसके चलते अटैचमेंट की कार्रवाई गई।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के विजेता विद्यार्थी अतिथियों के साथ।

#### ये सम्पत्तियां की कुर्क

कार्रवाई के दौरान 7 डिफाल्टर सम्पत्तियों की कुर्की की गई है। इनमें अस्पताल चौक स्थित बीकानेर भोजनालय, सम्पत्ति कर 3 लाख 78 हजार 889 रुपये, मॉडल टाऊन स्थित कबीर एंटरप्राईसिस, सम्पत्ति कर 8 लाख 41 हजार 123 रुपये, सेक्टर-8 स्थित एक दुकान, सम्पत्ति कर 6 लाख 34 हजार 720 रुपये, सेक्टर-7 स्थित एक दुकान, सम्पत्ति कर 3 लाख 78 हजार 150 रुपये, सेक्टर-4 स्थित भारत गैस भंडारण गोदाम, सम्पत्ति कर 7 लाख 84 हजार 423 रुपये, सेक्टर-3 स्थित इंडियन मोटर्स हवाई भोजनालय, सम्पत्ति कर 6 लाख 38 हजार 706 रुपये तथा प्रीतम नगर स्थित शर्मा सैप्पियर पाट्र्स, सम्पत्ति कर शामिल 6 लाख 3 हजार 891 रुपये है। कबीर एंटरप्राईसिस के मालिक द्वारा अटैचमेंट की कार्रवाई के बाद नगर निगम कार्यालय में आकर सम्पत्ति कर जमा करवा दिया गया है।

#### कार्रवाई रहेगी जारी

निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा का कहना है कि यदि अटैचमेंट की गई सम्पत्तियों के मालिकों द्वारा सम्पत्ति कर जमा नहीं करवाया जाता, तो उनकी सम्पत्तियों को नीलाम कर नगर निगम सम्पत्ति कर वसूल करेगा। सभी बकायादार जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर निश्चिंत हो जाएं। सभी बकायादारों से कर की वसूली की जाएगी। अगर कोई सम्पत्ति कर नहीं जमा करवाता, तो उसके विरूद्ध नगर निगम सख्त कार्रवाई अमल में लाएगा।

#### इन्होंने दिया टैक्स

अटैचमेंट कार्रवाई के दौरान 6 सम्पत्ति मालिकों ने मौके पर सम्पत्ति कर जमा करवाया है। इनमें रेड कारपेट लॉन सम्पत्ति कर 9 लाख 23 हजार रुपये, विश्वकर्मा इंजीनियरिंग वर्कस, सम्पत्ति कर 9 लाख 18 हजार 35 रुपये, पर्ल फोर्ड शोरूम, सम्पत्ति कर 9 लाख 97 हजार 645 रुपये, मोती नगर स्थित एक प्रॉपर्टी, सम्पत्ति कर 5 लाख 5 हजार 371 रुपये, प्रीमत नगर स्थित भंडारण गोदाम, सम्पत्ति कर 4 लाख 17 हजार 328 रुपये तथा द डिवाईन बैक्वट लॉन, सम्पत्ति कर 6 लाख 90 हजार 20 रुपये शामिल है।

# सुनील ने शीतल की बेरुखी से नाराज होकर की हत्या



**पानीपत।** पानीपत। हरियाणवी मॉडल शीतल हत्याकांड के आरोपी सुनील को लेकर प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी सतीश वत्स।

- पुलिस ने सुनील को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया
- शीतल का विशाल के साथ रिश्ता होने से नाराज था आरोपी सुनील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव इसराना निवासी सुनील ने अपनी गर्लफ्रेंड हरियाणवी मॉडल शीतल उर्फ सिम्मी चौधरी की हत्या कर शव को दिल्ली नहर में फेंकने व हत्या के आरोप से बचने लिए फिर खुद नहर में कार समेत गिरने का षड्यंत्र रचना स्वीकारा है। वहीं सीआईए टू ने सुनील को कोर्ट को पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि शीतल हत्याकांड से संबंधी हर तरह की जानकारी सुनील से ली जा सके।

वहीं प्रेस वार्ता में डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि पूछताछ में सुनील ने बताया है कि जब शीतल को उसके शादीशुदा होने का पता चला तो उसने आरोपी से शादी करने से इंकार कर दिया।

इतना ही नहीं, शीतल किसी विशाल नाम के लड़के से शादी करने वाली थी। उसने उसके नाम का टैटू भी हाथ पर गुदवाया था। यह बात सुनील से सहन नहीं हुई तो उसने शीतल की चाकू मार कर हत्या कर दी।

#### शीतल के लिए जमीन बेची

पुलिस जांच में सामने आया है कि शीतल की शादी करीब 15-16 उम्र में ही कर दी गई थी। चार साल पहले हुए तलाक के बाद वह बच्चों को पति के पास छोड़कर बहन के पास रहने लगी थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते उसने सुनील के जरिए ही मॉडलिंग में कदम रखा था। पूछताछ में आरोपी सुनील ने बताया कि उसने शीतल के लिए जमीन तक बेच दी। वह शीतल को मोटी रकम दे चुका था।

# टेक्सटाइल फैक्टरी से 16 बांग्लादेशी पकड़े

- सीएम फ्लाइंग टीम ने की बलाना गांव स्थित फैक्टरी में छापेमारी
- आरोपियों के पास से भारतीय आधार कार्ड बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीएम फ्लाइंग टीम ने मंगलवार को गांव बलाना स्थित शिव फाइबर टैक्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री से 16 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। सभी बांग्लादेशी लोगों का सीएम फ्लाइंग हिरासत में लेकर इसराना थाना पहुंची। सीएम फ्लाइंग की इस रेड में पुलिस विभाग की कई टीमें शामिल रही।

वहीं फैक्टरी परिसर में बनी मजदूरों की रिहायशी कॉलोनी से पकड़े गए लोगों में 9 पुरुष, 4 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। वहीं पुलिस की जांच में पता चला है कि पकडे गए बांग्लादेशी नागरिकों ने अवैध तरीके से भारतीय आधार कार्ड भी बनवा रखे है। वहीं, सीएम फ्लाइंग की टीम ने फैक्टरी परिसर में निवास कर रहे सभी मजदूर आदि की गहन जांच की।



**पानीपत।** गांव बलाना में टेक्सटाइल फैक्टरी से पकडे गए बांग्लादेशी नागरिक।

#### इसराना थाना में लाए गए बांग्लादेशी नागरिक

इधर, इसराना थाना पुलिस ने बताया कि पानीपत के गांव बलाना स्थित शिव फाइबर टैक्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड से 16 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। इन्हें इसराना थाने में लाया गया है।

पकड़े गए बांग्लादेशियों में नौ पुरुष, चार महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। इनके पास से फर्जी तरीके से बनवाया गया भारतीय आधार कार्ड बरामद किया गया है। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में जांच जारी थी।

### रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने रंगदारी मांगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी रोबिन उर्फ गोंदु वासी जडौला जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आकाश सिंह वासी कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसका शहर में इमेजिंग एंड डाईग्नोस्टिक सेंटर है। 15 मई को उसके पास व्हाट्सअप कॉल आई कि अगर सही सलामत रहना है तो उसको खर्चा देना होगा। आरोपी ने उससे 1 करोड़ रुपये की मांग की तथा पैसे ना देने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-2 को सौंपी।

# एसीबी ने पटवारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ा

- किसान से जमीन का खाता अलग करने की एवज में मांगी थी घूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने समालखा तहसील में छापा मार कर अनिल पटवारी निवासी गांव जौरासी जिला पानीपत को आठ हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगें हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी पटवारी अनिल गांव करहंस, गढ़ी छाजू और मच्छरौली का कार्यभार देख रहा था।

वहीं एसीबी की जांच में पता चला कि गांव गढी छाजू निवासी एक किसान 22 मई से पटवारी अनिल के पास अपनी जमीन का खाता अलग करवाने के लिए चक्कर काट रहा था। अनिल ने किसान से रिश्वत की मांग की। पटवारी अनिल ने किसान से 30 हजार रूपये की मांग की, वहीं दोनों के बीच 25 हजार में सौदा तय हो गया। अनिल पटवारी ने किसान से 13 हजार रुपए बतौर रिश्वत वसूल किए और चार हजार रूपये की रिश्वत अपने असिस्टेंट को भी दिलवाई। इधर, अनिल व किसान के बीच आठ हजार रूपये की रिश्वत मंगलवार को देनी तय हुई थी। इधर, किसान ने अनिल पटवारी की शिकायत एसीबी से की। एसीबी ने अपनी मंगलवार को शिकायतकर्ता किसान को पाउडर लगे आठ हजार रूपये देकर समालखा तहसील में पटवारी अनिल के पास भेजा।



**पानीपत।** एसीबी की टीम की गिरफ्त में रिश्वतखोर पटवारी अनिल।

#### रेड कर पकड़ा

किसान से जैसे ही अनिल ने आठ हजार रूपये लिए, तो एसीबी ने रेड कर अनिल को रिश्वत के आठ हजार रूपये के साथ पकड लिया। टीम ने पटवारी अनिल के पास से रिश्वत के रूप में लिए गए आठ हजार रूपये बरामद कर गिरफ्तार कर लिया।

# दो बाइक की भिड़ंत में किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- मेडिकल संचालक के साथ दवाएं लेने जगाधरी जा रहा था युवक

गांव मुकारमपुर के पास दो बाइकों की भिडंत में 17 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। मृतक मेडिकल संचालक के साथ जगाधरी दवाईयां लेने के लिए जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार गांव बीबीपुर निवासी शाहरूख ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव मुकारमपुर चौक पर मेडिकल की दुकान है। वह शाम को गांव बीबीपुर निवासी 17 वर्षीय नसीम अहमद के साथ बाइक पर दवाईयां लेने के लिए जगाधरी आ रहे थे। बाइक वह चला रहा था जबकि नसीम अहमद बाइक पर पीछे बैठा था। जब वह गांव मुकारमपुर के पास स्थित लोमस प्लाइवुड फैक्ट्री के पास पहुंचे तो तेज गति से बाइक लेकर आ रहे युवक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह कच्चे में गिर गया। जबकि नसीम अहमद का सिर पुलिया में लगा। जिससे उसके सिर से काफी खून बहने लगा। आरोपी बाइक चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद वहां से फरार हो गया। उसने कार का इंतजाम कर नसीम अहमद को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## शांतनु के हत्यारोपी की सूचना देने वाले को 2 लाख का इनाम देने की घोषणा

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में शराब कारोबारी शांतनु की हत्या मामले के आरोपी को पकड़वाने/ सूचना देने वालों को हरियाणा पुलिस ने 2 लाख रुपए इनाम की घोषणा की है। आरोपी की पहचान रोमिल वासी जिला यमुनानगर के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 13 जून 2025 को शाहबाद में शराब कारोबारी शांतनु की आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू की है। आरोपियों की तलाश में एसटीएफ हरियाणा सहित कुरुक्षेत्र की कई टीमें जुटी हैं। पुलिस ने एक आरोपी की फोटो सार्वजनिक कर आमजन से आरोपी को पकड़वाने या उसकी सूचना देने की अपील की है। इस आरोपी द्वारा 15 मई को बिलासपुर जिला यमुनानगर में भी इमीग्रेशन सैंटर पर फायर किया था तथा उसके बाद दोबारा रात 10 बजे चंडीगढ़ में भी फायर किया था। आरोपी पर हरियाणा पुलिस ने 2 लाख रुपये इनाम की घोषणा की है। अगर उपरोक्त युवक के बारे में किसी के पास कोई सूचना है तुरन्त इसकी पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

- आरोपी की पहचान रोमिल वासी जिला यमुनानगर के रूप में हुई
- 13 जून को शाहबाद में शराब कारोबारी शांतनु की आरोपियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी




# कैंटर की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- संगतपुरा के नजदीक हुआ दर्दनाक हादसा, पुलिस ने दर्ज किया केस

गांव उगाला में संगतपुरा के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार कैंटर ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित होकर पेड़ों से टकरा गई। हादसे में कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

गांव उगाला के होशियार सिंह ने बताया कि वह रात को अपनी बेलर मशीन के काम के सिलसिले में संगतपुरा गांव के पास हाइवे पर मौजूद था। उसी दौरान एक कार बराड़ा की ओर से शाहबाद की तरफ जा रही थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे एक कैंटर ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार सड़क किनारे पेड़ों से टकराई और पलटकर सीधी खड़ी हो गई। होशियार सिंह ने जब देखा तो कार में उसका भांजा प्रगट सिंह वासी वजीदपुर गंभीर रूप से घायल मिला। होशियार सिंह ने मोटरसाइकिल से पीछा कर कैंटर का नंबर नोट कर लिया। होशियार सिंह ने प्रगट सिंह के पिता और दामाद को फोन कर सूचना दी। दोनों मौके पर पहुंचे और घायल को एमएमयू अस्पताल ले जाया गए। यहां डॉक्टरों ने प्रगट सिंह को मृत घोषित कर दिया।

## स्वास्थ्य विभाग ने अंबाला शहर के दो स्वीमिंग पूलों पर की कार्रवाई

# स्वीमिंग पूल के पानी का सैंपल फेल, मिली खामियां

- अंबाला क्लब व कंचघर के पूल संचालकों को जारी किए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के दो स्विमिंग पूलों के पानी के सैंपल फेल हो गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इन पूलों के पानी की जांच की थी।

निरीक्षण के दौरान पूल से लिया सैंपल जांच में सही नहीं मिला है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्विमिंग पूल संचालकों को नोटिस जारी किया है। अंबाला शहर के अंबाला क्लब और कंच घर में चल रहे स्विमिंग पूल पर दोपहर को स्वास्थ्य विभाग ने अचानक निरीक्षण किया था। जांच के दौरान पूलों के पानी के सैंपल लिए। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि पूलों का पानी किसी के लिए भी स्वीमिंग करने के लायक नहीं हैं। अंबाला क्लब में चल रहे पूल में क्लोरिन की मात्रा काफी कम मिली तो कंच घर के स्विमिंग पूल का पानी साफ ही नहीं था। इसी वजह से अब स्वीमिंग पूल संचालकों को नोटिस देने की कार्रवाई चल रही है। बता दें कि इन दिनों काफी गर्मी पड़ रही है। बच्चों के साथ बड़े भी गर्मी से बेहाल हैं। ऐसे में बच्चे गर्मी से राहत पाने के लिए स्विमिंग पूल का रुख कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण में पूल में खामियां मिलीं हैं। इससे बच्चे बीमार तक पड़ सकते हैं। कई तरह के स्किन इन्फेक्शन भी हो सकते हैं।



**अंबाला।** स्वीमिंग पूल के पानी का सैंपल लेते जांच अधिकारी।

#### पानी में क्लोरीन का इस्तेमाल काफी कम मिला

सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने बताया कि अंबाला क्लब में बच्चों और बड़ों के लिए बने पूल में पाया गया कि क्लोरीन का इस्तेमाल काफी कम मात्रा में हो रहा है। छोटे बच्चों के लिए बने पूल में जहां कम क्लोरीन था। बड़े लोगों के लिए बने पूल में क्लोरीन की मात्रा काफी ज्यादा थी। इसके साथ ही कंच के घर में बने पूल के अंदर क्लोरीन ही नहीं थी। यानी पानी की गुणवत्ता बिल्कुल ठीक नहीं थी। स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि करते हुए बताया दोनों को नोटिस दिया जा रहा है। जब तक इनके सैंपल ठीक नहीं आते तब तक यह दोनों पूल नहीं चला सकेंगे।

### इग्नू ने एमएससी इन कम्युनिटी डेवलपमेंट पाठ्यक्रम शुरू किया

**करनाल।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी(इग्नू), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया कि इग्नू ने होम साइंस विषय में पहला पीजी प्रोग्राम लांच किया है।

इसका नाम एमएससी इन कम्युनिटी डेवलपमेंट एंड एक्सटेंशन मैनेजमेंट है। यह पाठ्यक्रम दो साल का है, और यह अंग्रेजी माध्यम में ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में पढ़ाया जायेगा। इसमें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, जेंडर, कम्युनिटी ऑर्गनाइजेशन, फील्ड रिसर्च और डेवलपमेंट कम्युनिकेशन जैसे विषय शामिल हैं। फर्स्ट ईयर में स्टूडेंट्स को डेवलपमेंट थ्योरी, कम्युनिटी ऑर्गनाइजिंग, मीडिया और डेवलपमेंट आदि टॉपिक पढ़ाए जाते हैं।

# हिमाचल में सड़क हादसे में करनाल की बेटी की मौत

- टैम्पो ट्रेवलर के गहरी खाई में गिरने के चलते हुआ हादसा
- महिला का पति और तीन बच्चों के अलावा अन्य चार युवक भी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले में स्थित कोकसर के पास एक टैम्पो ट्रेवलर के गहरी खाई में गिरने के मामले में करनाल की एक महिला की मौत हुई है, जबकि उसका पति व तीनों बच्चे घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल पति व डेढ़ साल के बेटे को डॉक्टरों ने अपोलो अस्पताल रेफर कर दिया है।

वहीं, करनाल के ही चार लडक़े जो अलग ग्रुप में यात्रा कर रहे थे, वो भी इस टैम्पो ट्रेवलर में सवार थे। इनमें से एक की गर्दन की हड्डी टूट गई है, बाकी को मामूली चोटें आई हैं। सभी को मनाली के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

#### चालक की लापरवाही

हादसे की वजह चालक की लापरवाही बताई जा रही है, जो नशे में था और फोन पर बात कर रहा था। हादसे में 28 वर्षीय मोनिका की मौत हो गई है। वह करनाल की रहने वाली थी और उसकी शादी फरीदाबाद में हुई थी। हादसे के समय मोनिका अपने पति अमित और तीन बच्चों के साथ टूर पर निकली थी। सभी को गंभीर चोटें आई हैं। बेटे और अमित की हालत ज्यादा नाजुक है, जिन्हें अपोलो अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं दोनों बेटियों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

आयुष विभाग की ओर से अटल पार्क सेक्टर 8 में कार्यक्रम आयोजित

# योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभागी हो रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ0 सतपाल ने बताया कि 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने के तहत विभागीय निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को आयोजित विभिन्न योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 949 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा स्थानीय अटल पार्क सेक्टर 8 में जिला करनाल की आंगनवाड़ी वर्कर्स को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया, इसमें 194 आंगनवाड़ी वर्कर्स ने योग का अभ्यास किया तथा सीडीपीओ मैडम संतोष ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर डॉ नितिन रोहिल्ला, जोगिंदर, अशोक महेंद्र, नीतू, गुलशन शर्मा, आयुष विभाग करनाल के योग सहायक तथा योग इंस्ट्रक्टर इत्यादि उपस्थित रहे।

## 21 को योग दिवस पर पार्क में होगा कार्यक्रम : जांगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आज नगर खेड़ा के पास बनी ई-लाइब्रेरी में पत्रकार एकता मंच के पदाधिकारियों की बैठक मंच के अध्यक्ष वीरेन्द्र जांगड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें 21 जून को योग दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से मंच के वरिष्ठ सदस्य हरीश चावला, उप प्रधान राजकुमार खुराना, रामकुमार गुप्ता, संदीप रोहिल्ला ने भी अपने विचार रखे।

इस मौके पर वीरेन्द्र जांगड़ा ने कहा कि उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत द्वारा 21 जून के दिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव दिया था, 11 दिसम्बर 2014 को भारत के इस प्रस्ताव को 177 देशों के समर्थन के साथ स्वीकार कर लिया गया और 21 जून 2015 को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस क्रम में 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग न केवल व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से निरोग रखता है बल्कि उसकी कार्य करने की क्षमता भी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज न केवल भारत बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जा रहा है।

उन्हीं के प्रयासों से 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लें और योग की अलख जगाएं। हरीश चावला ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा है। योग को भारत ने विश्व को दिया है। हमारे ऋषि मुनियों ने योग का प्रचार-प्रसार किया। आज विश्व भर के लोग योग कर रहे हैं और योगासनों का लाभ उठा रहे हैं। योग करने से शारीरिक रूप से तो स्वस्थ होते हैं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी इसका बेहतर प्रभाव डालता है। इस मौके पर रोहित लामसर, संदीप कटारिया, पंकज ठाकुर, जोगिन्द्र, सतीश पंवार मुख्य रूप से मौजूद रहे।



तरावड़ी। योग दिवस को लेकर पत्रकार वार्ता करते मंच के पदाधिकारी।

## योग ही स्वास्थ्य का आधार नियमित करते रहें : गुलाटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य संचालक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शिविर में सैकड़ों लोग योग का लाभ लेने के लिए जुटेंगे।।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्ति,सामाजिक संस्थाएं और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों भाग लेंगे। मिशन की मीडिया प्रभारी निधि गुप्ता ने बताया कि 19 जून से 21 जून तक तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का आयोजन होगा जिसमें मिशन के सभी 20 कक्षाओं के शिक्षक और साधक सामूहिक रूप से भाग लेंगे। और योग के प्रचार प्रसार में पूरा योगदान देंगे। दिनेश गुलाटी ने कहा कि तीन दिवसीय निशुल्क शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ पाएं, क्योंकि योग ही स्वास्थ्य का आधार है ।यदि हम निरोगी होंगे, तभी हम जीवन को अच्छी तरह से व्यतीत कर पाएंगे। प्रतिदिन योग करना ही हमारा कर्तव्य होना चाहिए। खुद भी स्वस्थ रहें और औरों को भी स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करें।

### खबर संक्षेप



इंद्री। पावर हाउस में मीटिंग कर नारेबाजी करते कर्मचारी ।

### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर की मीटिंग

**इंद्री।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर इंद्री पावर हाउस में इंद्री ब्लॉक के कर्मचारियों की मीटिंग हुई। जिसमे मुख्य रूप से राज्य के महासचिव एसकेएस नरेश कुमार, जिला प्रधान सुशील गुज्जर, जिला सचिव सेवा राम, रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य के नेता उधम सिंह राठी, जिला वरिष्ठ उप प्रधान मलकीत सिंह पहुंचे । मीटिंग की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान शंटी कांबोज ने की व संचालन ब्लॉक सचिव ऋषिपाल ने किया ।



### श्री अमरनाथ सेवा मण्डल ने भेजी सामग्री

**घरौंडा।** श्री अमरनाथ की सेवा मंडल घरौंडा द्वारा दूसरा विशाल भंडारा जो की पवित्र अमरनाथ यात्रा के दौरान बालटाल से पवित्र गुफा की तरफ जाने वाले रास्ते बुराड़ी मार्ग में लगेगा 16 जून को खाद्य सामग्री की गाड़ियां पूजा के साथ मंडी प्रधान हैप्पी जी एवं समाजसेवी योगराज टक्कर जी द्वारा हरी झंडी देकर रवाना किया गया। श्री अमरनाथ की सेवा मंडल घरौंडा के संरक्षक पवन गुप्ता जी एवं मंडल के प्रधान धर्मेंद्र राणा ने बताया कि यात्रा 3 जुलाई से लेकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी। इस अवसर पर मंडी प्रधान हैप्पी जी, योगराज टक्कर, पुष्कर राज टक्कर,पूर्व मंडी प्रधान श्री पवन,संस्था के सरक्षक पवन गुप्ता,संस्था के प्रधान श्री धर्मेंद्र राणा, सदस्य जसवीर,सतीश,ऋषि गाबा,सतीश मनुजा,विजय गुप्ता, नितिन मित्तल, सुरेश मित्तल, राजेंद्र जैन आदि उपस्थित रहे।

### गुरु नानक खालसा कॉलेज में दी श्रद्धांजलि



**करनाल।** गुरु नानक खालसा महाविद्यालय, करनाल में अहमदाबाद में घटित हृदयविदारक विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए व्यक्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के माननीय प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह 'प्रिंस' जी ने अत्यंत दुखी मन से इस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट की। प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने शोकसंतप्त परिवारों के प्रति गंभीर संवेदना प्रकट की।

बरसाती नालों की सफाई देखने फील्ड में उतरी निगमायुक्त

# मानसून के दौरान जल भराव न हो, अभियंता रहें मुस्तैद, डिस्पोजल पम्प रहे एक्टिवः डॉ. वैशाली

- डिस्पोजल पम्प का भी किया निरीक्षण सफाई कार्य जल्द मुकम्मल करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मानसून के दौरान जल भराव न हो, इसके लिए नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को फील्ड में उतरकर इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ विभिन्न नालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने करीब 3 घण्टे शहर का दौरा किया और नालों की साफ-सफाई देखी।

दौरे में उनके साथ कार्यकारी अभियंता प्रदीप कल्याण व प्रियंका सैनी, सलाहकार महीपाल सिंह तथा सम्बंधित सहायक व कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे।

निगमायुक्त से सबसे पहले राम नगर क्षेत्र का दौरा कर मीरा घाटी डिस्पोजल तक जाने वाले नाले का निरीक्षण किया। बता दें कि इस नाले की सफाई का कार्य एक बार पूरा कर लिया गया है। अब दोबारा इसकी सफाई शुरू करवाई गई है, ताकि बरसाती सीजन में जल निकासी में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने नाले की विभिन्न जगहों से सफाई जांची। इसके बाद उन्होंने प्रेम नगर क्षेत्र का दौरा कर डिस्पोजल पम्प व नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने डिस्पोजल पर लगी मोटरे व जेन सेट को चलवाकर देखा। इस दौरान राम नगर क्षेत्र में एक डेयरी संचालक द्वारा नाले में गोबर गिराया जा रहा था, जिसे देख निगमायुक्त ने संचालक का चालान करने के निर्देश दिए। निर्देश पर संज्ञान लेते हुए सहायक सफाई निरीक्षक गुलाब सिंह ने डेयरी संचालक का 5 हजार रुपये का चालान किया।

सम्बंधित व्यक्ति को चेतावनी भी दी कि वह अपनी डेयरी को पिंगली स्थित डेयरी परियोजना स्थल पर जल्द से जल्द स्थानांतरित करे, अन्यथा डेयरी को सील कर दिया जाएगा।



रोहतक। इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों के साथ विभिन्न नालों का निरीक्षण करतीं निगमायुक्त।

#### नाले के आस-पास उगी घास व झाड़ियों को साफ किया जाए

इसके पश्चात उन्होंने रेलवे फ्लाईओवर के नीचे राजीव पुरम से बगवाड़िया गैस एजेंसी को जा रहे नाले की पैदल चलकर सफाई देखी। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि नाले के आस-पास उगी घास व झाड़ियों को साफ किया जाए। इसके अतिरिक्त कहीं पर सी एंड डी वेस्ट हो तो उसे भी उठाया जाए। इसके बाद उन्होंने हांसी रोड से घोघड़ीपुर रेलवे फ्लाईओवर तक जाने वाले नाले, शिव कॉलोनी स्थित रेलवे अंडर ब्रिज डिस्पोजल पम्प, संत गुरू रविदास मंदिर के आगे से गुजरने वाला नाला तथा गौशाला रोड नाले का निरीक्षण कर साफ-सफाई देखी।

## कार्यकर्ताओं ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**करनाल।** भाजपा के विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत मोहद्दीनपुर मंडल की बैठक फुसगढ़ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सचिन राणा ने की। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है।

बैठक का संचालन मंडल प्रवक्ता प्रदीप कंबोज ने किया। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने देश को नई दिशा दी है। मंडल संयोजक धीरज खरकाली और सह-संयोजक राहुल तोमर ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। इस अवसर पर अमित कंबोज, महामंत्री राजेश लाठर, विक्रम पाल, प्रवक्ता मदन जी, अशोक कंबोज, सुमित कंबोज, शिवम् लाठर सहित महिला शक्ति से कमलेश, अंजू, निशा और आयशा उपस्थित रहीं। सभी ने एकमत होकर जनसंपर्क अभियान को गति देने का संकल्प लिया।



## सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का करें कामः प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



आज भाजपा कार्यालय 'कर्ण कमल' में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में संकल्प से सिद्धि तक-विकसित भारत का अमृतकालः सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष तक कार्यक्रम के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मंडल स्तर पर कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु संयोजकों एवं वक्ताओं का विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों,जन कल्याण कारी योजनाओं एवं सुशासन के मॉडल को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने उपस्थित सभी से अनुरोध करते हुए आप सभी मोदी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पंहूचाने का काम करें। इस अवसर पर जिला संयोजक अशोक सुखीजा, मेयर नगर निगम रेणु बाला गुप्ता, पूर्व विधायक रमेश कश्यप,चेयरपर्सन निर्मला बैरागी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

क्वालिटी कंट्रोल की टीम रेलवे रोड पर पहुंची

# सड़क निर्माण कार्य की जांच की और दो स्थानों से लिए नमूने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

शहर का सबसे व्यस्त रेलवे रोड माना जाता है, रेलवे रोड के निर्माण कार्य में कही न कहीं कथित लापरवाही बरती जाने को लेकर वार्ड के पार्षदों ने इसकी शिकायत लगभग एक विभागीय अधिकारियों को कर दी थी जिसकी शिकायत के बाद मंगलवार को अंबाला से क्वालिटी कंट्रोल की टीम रेलवे रोड पर पहुंची और टाइलो के सैंपल लिए। तीन सैंपल को तौर से कुछ टाइल व सामग्री साथ लेकर गई है। जिसको लेकर शहर के लोगों एकत्रित हो गए और उन्होंने भी निर्माण कार्य पर संदेह जताया है। दुकानदारों को मांग है कि निर्माण कार्यों की जांच निष्पक्षता से होनी चाहिए। वार्ड नंबर 11 के पार्षद अमित गुप्ता ने बताया कि रेलवे रोड पर सड़क का निर्माण कार्य लगभग डेढ़ साल पहले कराया गया था। सड़क निर्माण का सही तरीके से नहीं कराने के संदेह के चलते उसने कई विभागों में इसकी शिकायत दी थी। निर्माण कार्य में टाइलो के निचे वाली हल्की सामग्री उपयोग किया गया।जिसकी शिकायत के बाद मंगलवार को क्वालिटी कंट्रोल की एक टीम रेलवे रोड पर पहुंची और टीम ने सड़क निर्माण कार्य की जांच की और दो स्थानों से सैंपल लिए। सैंपल प्रक्रिया शुरू होते ही भारी संख्या में दुकानदार एकत्रित हो गए और उन्होंने भी निर्माण कार्य पर सवाल उठाए। दुकानदारों का कहना है कि डेढ़ साल निर्माण कार्य हुआ है जगह जगह से सड़क बैठ गई है।



घरौंडा। रेलवे रोड पर सैंपल लेती टीम।

#### लगभग 90 लाख की लागत से हुआ था निर्माण

पीडल्यूडी विभाग के एसडीओ बलवान सिंह ने बताया कि रेलवे रोड का निर्माण जुलाई 2023 में लगभग डेढ़ साल पहले हुआ था। जिससे पर लगभग 90 लाख रुपए खर्च किए गए थे। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। क्वालिटी कंट्रोल के एसडीओ नरेश कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर 11 के पार्षद अमित गुप्ता ने एक शिकायत रेलवे रोड की सड़क निर्माण कार्य को लेकर शिकायत की थी। जिसकी शिकायत पर मंगलवार को रेलवे रोड की टाइलो के सैंपल लिए गए। जिसकी जांच कराई जाएगी, उसके बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### खबर संक्षेप

### बच्चों को परिवार का महत्व समझाया



**घरौंडा।** ब्रह्माकुमारी आनंद सरोवर की ओर से आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन सुंदर स्मृतियों और ऊर्जा से भरपूर माहौल में सम्पन्न हुआ। समापन दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों ने भाग लिया। जिसमें नृत्य,गीत,भाषण,चित्रकला व खेलों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ,डॉ. मुकेश अग्रवाल उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अनुराधा अग्रवाल व वरिष्ठ साहित्यकार राधेश्याम भारती ने बच्चों को पेड़ लगाने के लिए सुंदर कविताओं के माध्यम से किया जागरूक। बीके संगीता दीदी , नीलोखेड़ी ने भी बच्चों को प्रेरणा दी।बी.के. रेनू दीदी ने फादर्स डे पर बच्चों को परिवार का महत्व समझाया। उन्होंने फैमिली शब्द की विशेष फुल फॉर्म बताई। इसके साथ ही दीदी ने एक प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से बच्चों को भारत के 15 राष्ट्रपतियों के नाम भी सरलता से याद कराए, जिससे बच्चों का सामान्य ज्ञान और स्मरणशक्ति दोनों मजबूत हो सकें। बीके नीरू दीदी ने पेरेंटिंग पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। अंत में बच्चों व अभिभावकों ने कैंप अनुभव साझा करते हुए इसे शिक्षाप्रद, संस्कारपूर्ण व आनंददायक बताया।

### सेवा भारती को प्रदान की बाइपैप मशीनें



**करनाल।** भारत विकास परिषद, कर्ण शाखा द्वारा एक विशेष सेवा प्रकल्प के अंतर्गत आपातकालीन स्थिति में रोगियों के लिए अत्यंत उपयोगी मशीनें, सेवा भारती, अर्जुन गेट को भेंट की गईं। इन मशीनों को शाखा के वरिष्ठ सदस्य कपिल अत्रेजा (सदस्य, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग) के विशेष प्रयासों से समाजसेवी डॉ. अतुल्य अत्रेजा जी द्वारा भारत विकास परिषद को भेंट की गईं और परिषद द्वारा ये सभी मशीनें सेवा भारती, करनाल को सौंपी गईं ताकि इन्हें जरूरतमंदों को आपातकालीन स्थिति में उपलब्ध कराया जा सके। शाखा की अध्यक्ष ज्योति चौधरी तथा सभी वरिष्ठ सदस्यों ने डॉ. अतुल्य अत्रेजा एवं उनकी पत्नी चारू बतरा अत्रेजा, उनके पिता अरविंद अत्रेजा एवं माता दीनता अत्रेजा को अंगवस्त्र पहनाकर, पौधा पात्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शाखा के वरिष्ठ सदस्य शाम बत्रा, प्रणव जावा, संजय बिदानी, रचना चौधरी, कमल गुप्ता, शिव चुघ, डॉ मोहिंदर चौधरी सहित सेवा भारती के वरिष्ठ सदस्य डॉ श्याम वधवा, रोशन लाल, ऋषिपाल हेमदा, भूषण गोयल, राजेन्द्र गुप्ता, महिपाल गौतम, डॉ पूनम पांचाल आदि ने भाग लिया।

### नपा अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल ने किया सम्मानित



**तरावड़ी।** सचिव नगर पालिका तरावड़ी के आदेशानुसार भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कैंपेन के अंतर्गत शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने वाले समाजसेवी व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए पंजाबी मार्किट मे कार्यक्रम का आयोजन किया । नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल द्वारा स्वच्छ पर्यावरण सेवा समिति के अध्यक्ष रणजीत भारद्वाज, सदस्य बलदेव गिरधर, पंजाबी मार्केट एसोसिएशन के प्रधान सुखदेव, शहीद भगत सिंह चौक मार्केट एसोसिएशन के सचिव जोगिंदर आहूजा, छायाकार रामकुमार गुप्ता व चांद अनेजा राधे राधे बुक डिपो को सम्मानित किया । इन सभी सम्मानित व्यक्तियों ने कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के बारे में दुकानदारों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किये । स्वच्छता पखवाड़ा कैंपेन के इस कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका के मोटीवेटर राजवंती और परविंदर सिंह ने किया।

### पहली पुण्यतिथि पर दी फतेह चंद चावला को श्रद्धांजलि



**तरावड़ी।** तरावड़ी के वरिष्ठ पत्रकार स्व. फतेह चंद चावला की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम तरावड़ी मीडिया सेंटर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता तरावड़ी पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र जांगड़ा ने की। इस अवसर पर समाजसेवियों ने भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में मंच का संचालन मंच के संरक्षक हरीश चावला ने किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्व. फतेह चंद चावला को फूल अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष वीरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि पत्रकार फतेह चंद चावला अपनी लेखनी के प्रति ना केवल जुनूनी थी बल्कि समाज सेवा को भी एक दिशा दे रहे थे। वीरेन्द्र जांगड़ा ने कहा कि फतेह चंद चावला पहले ऐसे पत्रकार थे जो लोगों की आवाज सरकार व प्रशासन तक पहुंचाते रहे। इस अवसर पर संदीप रोहिला, रोहित लामसर, संदीप कटारिया, रामकुमार गुप्ता, पंकज ठाकुर, जोगिन्द्र चौहान, राजीव गाबा, नीरज अरोड़ा, रविन्द्र कक्कड़, मदन सचदेवा के अलावा कई व्यक्ति मौजूद रहे।

### डीसी ने जिलास्तरीय सलाहकार समिति की ली बैठक

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है। इस अपराध में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए, दोषी को सजा अवश्य मिले। इसके लिए अधिकारियों को कहा कि पैरवी बेहतरीन तरीके से की जाए। उपायुक्त मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट)के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि लिंग परीक्षण करवाना और करना दोनों कानूनी तौर पर अपराध हैं, ऐसे व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखें और सख्त कार्रवाई करें। कन्या भ्रूण हत्या एक सामाजिक बुराई है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर रेड बढ़ाएं तथा औचक निरीक्षण कर उनके रिकॉर्ड की जांच करें। अब तक कन्या भ्रूण हत्या से जुड़े जितने मामले दर्ज हुए हैं, उनका डाटा अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

## खबर संक्षेप

### भूमि विवाद पर बैठक हुई

**पानीपत।** जिला स्तरीय कमेटी (अंडर पंजाब लैंड इंप्रूवमेंट स्कीम) के तहत मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय में कृषि विभाग और सॉयल कंजर्वेशन विभाग की बैठक उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आए दो मामलों में किसान के खेत में पाइप लाइन दबाने से मना करने पर उस मामले को सुलझाया गया व इसी संबंध में दूसरे मामले में शिकायतकर्ता द्वारा उपस्थिति न होने की स्थिति में फैसला सुनाया गया। इस मौके पर कृषि विभाग अधिकारी नेहा, वन्य रेंज अधिकारी जय किशन व कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मुआवजा बोर्ड की बैठक हुई

**पानीपत।** जिला उपायुक्त कार्यालय में मंगलवार को क्रिमिनल इंजरी कंपनसेशन बोर्ड (अपराधिक चोट मुआवजा) की बैठक हुई जिसमें उच्च न्यायालय के दिशा निर्देश अनुसार एसिड अटैक के एक मामले को लेकर कंपनसेशन निर्धारित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एसडीएम मनदीप सिंह, डीएसपी सतीश वत्स व कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### कष्ट निवारण की बैठक 23 को

**पानीपत।** सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार सोमवार 23 जून को प्रातः 11 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने दी।

### प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज

**पानीपत।** जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार विभाग द्वारा एक्सीज बैंक के माध्यम से पानीपत जिला में बिजनेस डेवलॉपमेंट एग्जिक्यूटिव के 15 पदों को भरने के लिए बुधवार 18 जून को एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस टीम ने मोबाइल चोर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने सोदापुर गांव में घर से मोबाइल चोरी करने के आरोपी यही के निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी संदीप ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना पुराना औद्योगिक में गांव मुआना जिला जीन्द हाल किरायेदार सोदापुर गांव निवासी राहुल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### तैराकी ट्रायल में 150 तैराकों ने भाग लिया

**पानीपत।** सब जूनियर एवं जूनियर लड़के व लड़कियों की आयु वर्ग एवं तैराकी इवेन्ट वाइज तैराकी की ट्रायल चौ.बलदेव सिंह तरणताल काला आम रोड पर 150 तैराकों ने भाग लिया। वहीं, प्रदेश के लिए चयन होने वालों में समर्थ बलदेव सिंह, अरमान, श्याम, रिधिमा, मनन, रुद्र, शौर्य गलाहण, क्यास कार्तिक, आरुष, वंश, निहाल, अनिरुद, विश्वजीत, दिविंजय, गौरव, आदित्य, सिद्धार्थ, कमनदीप, नादर कौर, फिजा, सायना, सोनम, तवुज, हनलिका, आकृर्ति, नमन व अनुष शामिल हैं।

### नरसंहारक युद्ध की कड़े शब्दों में निंदा की

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक के स्वतंत्रता सेनानी का. टीका राम सखुन हॉल में सीपीआई, सीपीआईएम, नागरिक मंच एवं कोमी एकता मंच की गोष्ठी हुई। जिसमें सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप, राम रतन, सीटू के राज्य सचिव सुनील दत्त, नागरिक मंच के राम मोहन राय, पवन कुमार सैनी, सीपीआईएम के जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक, कोमी एकता मंच के संजय सिंह, परवेज एसए खान आदि ने गाजा में फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ इजरायली सरकार द्वारा चलाए जा रहे नरसंहारक युद्ध की कड़े शब्दों में निंदा की गई।

### महादेव पार्क के बाहर नपा कर्मियों ने की सफाई

**शाहबाद।** नगर के हुड्डा पार्ट 1 स्थित महादेव पार्क के बाहर लगे कूड़े के ढेर नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा उठा लिए गए हैं।

---

### दमकल के 15 टेंडरों ने 14 घंटे में आग को काबू किया

# राज वूलन इंडस्ट्री में भीषण आग लगी

- आगजनी में इंडस्ट्री के दो लेंटर गिर कर ध्वस्त हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। राज वूलन इंडस्ट्री में दहकती आग। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के गांव काबडी की ओर वाले औद्योगिक क्षेत्र में स्थित राज वूलन इंडस्ट्री में सोमवार की रात को अचानक आग लग गई। आग पहले तीसरी मंजिल पर लगी, वहीं हवा बहने के कारण आग दूसरी और फिर पहली मंजिल पर पहुंच गई।

फैक्टरी कर्मचारियों ने वहां लगे फायर फाइटिंग सिस्टम को चालू किया और आग लगने की घटना की जानकारी दमकल को दी। दमकल के टेंडर मौके पर पहुंच गए और आग के काबू करने का काम शुरू किया। वहीं आग विकराल रूप धारण करती चली गई। इधर, दमकल ने पानीपत रिफाइनरी, गन्नौर, एनएफएल, असंध, थर्मल, घरौंडा से दमकल के टेंडरों को आग को काबू करने के लिए बुलवाया।

वहीं दमकल अधिकारियों व कर्मचारियों ने 15 टेंडरों की सहायता से 14 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मंगलवार दोपहर करीब 12 आग को काबू किया जा सका। हालांकि आग बुझाने के बाद भी रुक-रुक कर धुआं उठता रहा। आगजनी में इंडस्ट्री के दो लेंटर गिर कर ध्वस्त हो गए।

#### आग से नुकसान का आंकलन करने में जुटे

इधर, फायर ऑफिसर गुरमेल सिंह ने बताया कि राज वूलन में आग लगने की सूचना मिली थी। आग फैक्ट्री की तीसरी मंजिल से शुरू होकर ग्राउंड फ्लोर तक आ गई थी। उन्हीं टीम ने पहले ग्राउंड फ्लोर पर काबू पाया। फिर पहली दूसरी और फिर तीसरी पर काबू पाया। वहीं, आग पर काबू पाने के लिए हाइड्रा मशीन की भी मदद ली। फैक्ट्री में टेक्सटाइल उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग होती है। इधर, दमकल अधिकारी आग लगने के कारणों व फैक्टरी में हुए आग से नुकसान का आंकलन करने में जुटे है।

---



समालखा। जनसुनवाई करते हुए विधायक मन मोहन भड़ाना। फोटो : हरिभूमि

## समालखा को विकसित हलका बनाया जाएगा : भड़ाना

**समालखा।** समालखा से विधायक मनमोहन भड़ाना ने बीडीपीओ कार्यालय में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। साथ में संबंधित विभागों को समस्याओं के बारे में शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जल संबंधित समस्याएं, रास्ते, बिजली, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य समस्याओं को लोगों ने विधायक के सामने रखा। इस दौरान आईटीआई सहित कारकोली आदि के ग्रामीणों बस सुविधा शुरू करवाने संबधित समस्या रखी। विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना और अनेक समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया। उन्होंने कहा कि जो भी समस्याएं लोगों की आ रही हैं उन पर तुरंत प्रभाव से काम किया जाएगा। भड़ाना ने कहा कि वे जनता की समस्याओं का निराकरण करने व क्षेत्र के विकास को लेकर समर्पित हैं। समालखा को विकसित हलका बनाया जाएगा। मोदी सरकार यह कार्यकाल विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का स्वर्णिम काल बन रहा है। इस अवसर पर एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीएसपी नरेंद्र कादियान, तहसीलदार, बीडीपीओ, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

---

## शिक्षाविद् डॉ. धर्मपाल की आंखें दान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा



पानीपत। जन सेवा दल के स्वयं सेवी शिक्षाविद् डॉ. धर्मपाल दीक्षित के परिजनों को प्रमाण पत्र भेंट करते हुए।

जन सेवा दल के वरिष्ठ सदस्य संजीव खन्ना ने बताया कि जीवन भर बच्चों को शिक्षित करने वाले गांधी आदर्श कॉलेज समालखा के पूर्व प्रिंसिपल 85 वर्षीय डॉक्टर धर्मपाल दीक्षित का मंगलवार को देहंत हो गया। वहीं डॉ. दीक्षित की इच्छा के अनुसार परिजनों बेटे अंशुमान दीक्षित, पुत्र वुध अंजू दीक्षित, धर्मपत्नी निर्मला दीक्षित, भाई संतोष दीक्षित ने डॉ. धर्मपाल की आंखें दान कर दी। वहीं, डॉ. नरेश गुलाटी, जन सेवा दल समालखा के अध्यक्ष कुलभूषण अरोड़ा, सचिव पंकज अरोड़ा गोल्डी, रवि सचदेवा, पानीपत जन सेवा दल के अध्यक्ष कृष्ण मनचंदा, चमन लाल गुलाटी, कपिल मनचंदा पहुंचे, माधव नेत्र बैंक करनाल के डॉ. किशोरी लाल ने नेत्रदान का कार्य पूर्ण करवाया। नेत्रदान के उपरांत दीक्षित परिवार को प्रमाण पत्र भी भेंट किया गया। इस अवसर पर उनके पौत्र अरिहान दीक्षित, अनिरुद्ध, भतीजे अमन , श्रेय दीक्षित समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों समेत बडी संख्या में लोगों डॉ. धर्मपाल दीक्षित को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ विदाई दी।

---

## देश भर में पौधे रोप रही है होंडा कंपनी

- चालू सीजन में सवा लाख पौधे रोपने का लक्ष्य, जनता को सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध किया जा रहा है जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पानीपत। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के पदाधिकारीगण पौधे रोपते हुए।

होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के जनरल मैनेजर रीजनल बिजनेस सेंट्रल शशांक राजदान व जनरल मैनेजर, रीजनल बिजनेस सेंट्रल कस्टमर सर्विस रवि कुमार अन्ना साहेब फिरगण्णावर ने विश्व पर्यावरण दिवस से देश भर में अपनी डीलरशिप नेटवर्क पर कई पर्यावरण जागरूकता और सस्टेनेबिलिटी-केंद्रित गतिविधियां शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ' ने एचएमएसआई की जमीनी गतिविधियों की दिशा तय की। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के तहत, एचएमएसआई की डीलरशिप्स और सर्विस आउटलेट्स ने देशभर में ग्राहकों और स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय भागीदारी की। वहीं, सभी ग्राहकों को पौधों का वितरण, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों पर जागरूकता अभियान, और देश के कई शहरों और कस्बों में सवा लाख अधिक पौधारोपण शामिल रहे। इसके अलावा, वाहनों के अधिक स्वच्छ और कुशल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) चेक-अप कैंप भी आयोजित किए गए।

---

## शिक्षा विभाग ने बच्चों की पाठ्य व उत्तर पुस्तिका एक की : कुंडू

- बच्चों व अध्यापकों को आसानी रहेगी और कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ समालखा



पानीपत। पीएम श्री राजकीय स्कूल, गांव पावटी में संबोधन करते हुए डीपीसी नीलम कुंडू, आदि। फोटो : हरिभूमि

बच्चों के लिए पहले पाठ्य पुस्तक व कार्य पुस्तिका अलग-अलग होती थी, वहीं, अब दोनों को एक ही किताब में समाहित कर दिया गया है इससे बच्चों व अध्यापकों को आसानी रहेगी और कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होगी।

उक्त बातें नीलम कुंडू, डीपीसी पानीपत द्वारा खण्ड समालखा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव पावटी में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि अब बच्चों को दो अलग-अलग किताबें खोलने की आवश्यकता नहीं। अब एक ही किताब खोलकर पाठ्य पुस्तक और कार्य पुस्तिका से संबंधित कार्य एक ही बार में किया जा सकता है। इस अवसर पर केआरपी प्रवीन मुवाल, रेनु बेनीवाल, सोनिया व बबीता ने प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। वहीं, शिक्षकों को संबोधित करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि कक्षा तत्परता कार्यक्रम के दौरान बच्चों को उनके स्तर अनुसार वर्गीकरण किया जा चुका है।

इस अवसर पर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सूबे सिंह, मोंटी, हरीश सोहेल व खंड एफएलएन संयोजक बलराज घनघस सहित दीपक, मोनिका, सुरेश गौतम, राजेश, सुरेंद्र कुमार, बलदेव, लख्मीचंद, सुनील कुमारी, पंकज आदि सहित अन्य और शिक्षक भी मौजूद थे।

---

## सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




पानीपत। इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के सदस्य अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के सदस्यों ने मंगलवार को अपनी मांगों के समर्थन में सिविल सर्जन को ज्ञापन भी सौंपा।

वहीं, प्रेस वार्ता में इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल के प्रदेशाध्यक्ष विनोद खगनवाल ने बताया कि हरियाणा में 20 हजार से ज्यादा इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक प्रेक्टिस करते है। जोकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार इलैक्ट्रो होम्योपैथी के रिसर्च, प्रक्टिस व शिखा के लिए मान्य है। वहीं, सन 2015 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री के आदेश अनुसार इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल का गठन किया गया है और अब तक लगातार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री च आयुष विभाग हरियाणा के उच्च अधिकारियों के साथ मुलाकात व पत्राचार का दौर जारी है। जिसकी कड़ी में छह मार्च वर्ष 2019 में इसकी मान्यता के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया। वहीं, कोरोना महामारी व कुछ सम्बन्धित उच्च अधिकारियों के रिटायर के चलते यह मामला आगे नहीं बढ पाया।

उन्होंने प्रदेश सरकार से राजस्थान सरकार की तर्ज पर हरियाणा में इलेक्ट्रो होम्योपैथी को मान्यता प्रदान करने व रिसर्च के लिए बजट देने की मांग की है।

---

### किसान हित में है धान की सीधी बिजाई

**पानीपत।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह सोलंकी ने मंगलवार को विभाग के कार्यालय का निरीक्षण कर विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विस्तार कृषि से जुड़ी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने जिले में कार्यरत कृषि विभाग के समस्त स्टाफ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक भी की व किसानों के लिए संचालित की जारी योजनाओं की समीक्षा की और उन्हें आगे बढ़ाने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभाग की विभिन्न स्कीमों जैसे की धान की सीधी बिजाई, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, फसल अवशेष प्रबंधन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि यंत्र, नेचुरल फार्मिंग, फसल बीमा योजना अन्य स्कीमें आदि स्कीमों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर विभाग के डीडीए आत्मा राम गोदारा, एसडीओ देवेंद्र कुहाड़, सुधीर, विजेंदर जागलान, अवतार आदि मौजूद रहे।

### एफएलएन ट्रेनिंग कैंप संपंन

**पानीपत।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव नौल्था में आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। मुख्य अतिथि उप जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता कादियान का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी अनीता गर्ग और स्कूल प्रिंसिपल रामफल मान ने किया। कादियान ने कहा कि कक्षा एक से पांच तक की शिक्षा से ही विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माण होता है। अध्यापकों से गणित और अंग्रेजी में दैनिक जीवन के ज्ञान पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

---

## हिसार में छात्रों पर लाठी चार्ज के विरूद्ध खड़ी हुई इनसो



पानीपत। इनसो नेता बलराज कुंडू आदि एडीसी डॉ पंकज को ज्ञापन देते हुए। फोटो :हरिभूमि

- राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

इनसो के जिला प्रधान बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज सिंह के माध्यम से राज्यपाल हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंप एचएयू हिसार के कुलपति को बर्खास्त कर उन्हे खिलाफ कार्यवाही कर गिरफ्तार करने की मांग की है। इनसो छात्र नेताओं ने बताया की एचएयू विश्वविद्यालय के कुलपति व उसके कुछ चेहते अधिकारियों ने निर्दोष छात्रों को पीटा। इस घटना से छात्रों में काफी गुस्सा व नाराजगी है। इनसो ने एचएयू के कुलपति को पद से हटाकर मुकदमा दर्ज कर करन की मांग की है। इस अवसर पर रोहित सिंह, दिव्यांशु सैनी, रजत खर्ब, नरेश शर्मा आदि छात्र मौजूद थे।

---

## न्यूज डायरी

### पानीपत में कई जगह बनेगी रेहड़ी मार्केट

**पानीपत।** पानीपत शहर में रेहड़ी व्यापारियों के लिए अलग मार्केट बनाई जाएगी। पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने इस विषय पर नगर निगम महापौर कोमल सैनी, आयुक्त डॉ. पंकज के साथ बैठक कर रेहड़ी मार्केट के लिए स्थान चिन्हित करने हेतु आदेश दिए हैं । विधायक विज की योजना अनुसार शहर में स्थित तीन रेलवे पुलों (असंध रोड, जाटल रोड और गोहाना रोड) के नीचे छह रेहड़ी मार्केट एवं हाली पार्क के पास और सनौली रोड पुरानी सब्जी मंडी के पास इन व्यापारियों को स्थान दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त नगर निगम सर्वे के उपरान्त चिन्हित हुए नए स्थानों पर भी रेहड़ी मार्केट बनाई जाएगी ।

### श्री सुंदर कांड का पाठ किया

**पानीपत।** दशहरा कमेटी द्वारा रघुनाथ धाम के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजन गायक गणपत खुराना, भूषण वधवा, सुदेश लखीना, मदन जुनेजा, प्रधान रमेश माटा, अंजना दीदी, राधे राधे जी महाराज, तिलक राज छाबड़ा, अशोक नारंग, प्रीतम गुलाटी, डा. रमेश चुघ, चरणजीत ढींगड़ा, जयदयाल तनेजा, लीला कृष्ण भाटिया, किशन शर्मा, किशोर अरोड़ा, स्वप्निल जुनेजा, दर्शन रामदेव, शाम सुन्दर बतरा, प्रवीण जुनेजा, संदीप दुआ, संजय मग्गू, चुन्नी लाल चुघ, वेद बांगा, सुरेन्द्र जुनेजा, भारत अरोड़ा, लीला कृष्ण भाटिया, राजपाल आदि उपस्थित रहे।

### गंदगी से जनता परेशान

**पानीपत।** प्राचीन एवं ऐतिहासिक देवी मंदिर के साथ लगते ड्रेन की एक ओर तो मानसून से पहले सफाई की जा रही है जोकि आवश्यक है वहीं दूसरी ओर ड्रेन से गंदगी निकालकर साथ ही बने रास्ते में गंद फैलाकर रास्ता बंद किया जा रहा है। जिससे सबसे ज्यादा परेशानी मंदिर के आस-पास के दुकानदार ज्यादा परेशान हैं। इससे उनको न केवल बदबू से परेशानी का समाना करना पड़ रहा है बल्कि उनकी दुकानदारी भी ठप हो गई है। यही नहीं मंदिर में श्रद्धालुगण सुबह शाम पूजा पाठ के लिए अच्छे मन से आते हैं जिन्हें गंदगी से दो चार होना पड़ रहा है।

### पानीपत में योग जागरण यात्राएं 19 से

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिले के सभी खंडों की 33 व्यायाम शालाओं में 19 जून को हरियाणा योग आयोग और आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान मे योग जागरण यात्राओं का आयोजन कर नागरिकों को योग के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसको लेकर संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि 20 जून को योगा मैराथन का व योग की अंतिम रिहर्सल शिवाजी स्टेडियम में की जाएगी। इसको लेकर तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है।

---

### जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई

# विद्यार्थियों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया

- नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत ही गलत प्रभाव डालता हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत




पानीपत। आईटीआई बापौली में नशे के विरूद्ध शपथ लेते हुए विद्यार्थी व टीचर्स। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा पुलिस के नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत पानीपत पुलिस हर वर्ग का नशे के विरूद्ध जागरूक कर रही है। वहीं, अभियान के तहत पुलिस टीम ने मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गांव बापौली में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया और जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई। वहीं, नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत ही गलत प्रभाव डालता हैं। नशे का आदी होना आसान है, लेकिन इस लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। नशे की लत के कारण स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की भरपाई करना बेहद कठीन है। उन्होंने कहा की नशे के कारण व्यक्ति का समाजिक व पारिवारिक जीवन तबाह हो जाता है। समाज में कई लोग ऐसे होते है जो नशे की लत पाल कर पूरी तरह नशे के आदी हो जाते हैं, उनके लिए वापस लौटना और जिंदगी की नयी शुरुआत करना मुश्किल होता है, क्योंकि नशे के कारण उनमें इतना मनोबल भी नहीं होता कि नशा छोड़ने के लिए संकल्प ले सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें और परिवार व देश का नाम विश्व पटल पर चमकाएं। विद्यार्थी देश का भविष्य है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बराड़ा।** थाना बराड़ा में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी लखविंद्र को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी गौरव उर्फ बब्बू ने रिमांड के दौरान बताया था कि मोटरसाइकिल चोरी करने में लखविंद्र भी शामिल है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी गौरव उर्फ बब्बू चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव सीवनमाजरा से बराड़ा की तरफ आ रहा है। सीवन माजरा रोड पर नजदीक पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था।

### लोक अदालत 12 जुलाई को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले, बिजली, पानी और पेंशन मामलों का निपटारा होगा।

### योग का अभ्यास किया गया

**अंबाला।** जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा की अध्यक्षता में सुभाष पार्क में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया गया । इस प्रोग्राम में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आयुष विभाग से आए हुए पंकज, शारदा, रेखा वर्मा, रितिका, रिया चौहान को पौधा देकर स्वागत किया गया। इस योग दिवस अवसर पर 3 से 6 साल के बच्चे, किशोरियां, गर्भवती महिला महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर और आंगनवाडी वर्कर व हेल्पर सहित लगभग 350 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।

### बंदियों की सेहत की जांच की

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन कंचन माही व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव प्राधिकरण प्रवीण के मार्गदर्शन में सेंट्रल जेल में हेल्थचेक अप कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सामान्य अस्पताल की ओर से 9 सदस्य डॉक्टर की टीम नियुक्त की गई।

### महिला कर्मी से छेड़छाड़ होटल मालिक पर केस

**अंबाला।** पुलिस ने आम्रपाली रिजॉर्ट के मालिक रोहित जैन के खिलाफ महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ का केस दर्ज किया है। हालांकि होटल मालिक ने इन आरोपों को गलत बताया था। उसने कहा कि महिला काम ठीक से नहीं करती थी फिर भी पूरी तनख्वाह मांग रही थी। महिला ने पुलिस को दी शिकायत दी थी कि होटल मालिक अक्सर उससे अश्लील बातें करता था। कई बार उसे टच करने की भी कोशिश की। होटल मालिक ने बताया कि उसने किसी से छेड़छाड़ नहीं की है। अक्सर महिला की तबीयत खराब रहती थी। वह होटल से छुट्टी ले लिया करती थी।

# 2 करोड़ से बनेगी मॉडल टाउन की मुख्य सड़क, लंबे समय से निर्माण लटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि ने किया शुभारंभ

अंबाला शहर की सब्जी मंडी के साथ लगती सड़क के अच्छे दिन आ गए हैं। यहां के लोगों की मांग और पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयास रंग लाए हैं। इस सड़क का निर्माण अब शुरू हो गया है। मंगलवार को पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने इस महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण शुरू करवाया। बता दें कि लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क और नाले का निर्माण मंगलवार को शुरू करवाया गया। सब्जी मंडी के साथ लगती इस सड़क के निर्माण से न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि सब्जी मंडी आने जाने वाले हजारों लोगों को लाभ होगा। सड़क के निर्माण को लेकर लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर रितेश गोयल ने बताया कि इस सड़क को बनवाने का प्रयास पूर्व मंत्री असीम गोयल काफी समय से कर रहे थे लेकिन कुछ तकनीकी कारणों की वजह से कार्य नहीं हो पा रहा था। लेकिन मंत्रिपद पर रहते हुए असीम गोयल ने इस सड़क के निर्माण को लेकर पुरजोर प्रयास किए तो सड़क निर्माण का बजट पास करवाया गया। वार्ड 10 में लगभग 23 लाख रुपये की लागत से पाईप लाइन डालने व गलियों के रिपेयर का कार्य भी रितेश गोयल ने शुरू करवाया।

## सब्जी मंडी के साथ लगती सड़क के साथ नाले का भी होगा निर्माण

### मॉडल टाउन को मिली करोड़ों की सौगात

इससे पूर्व शहर के मॉडल टाउन क्षेत्र को लगभग 2 करोड़ रुपये की सौगात मिली । इसके तहत मॉडल टाउन की सर्कुलर रोड़ व अन्य सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इस निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत भी पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल ने मॉडल टाउन वासियों की मौजूदगी में की। इस मौके पर रितेश गोयल ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नायब सैनी के कुशल नेतृत्व व पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से अंबाला शहर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने जानकारी दी कि मॉडल टाउन की यह मुख्य सड़क जसपाल नर्सिंग होम से लेकर पांच नंबर गेट तक बनाई जाएगी। इजके साथ ही इलाके की अन्य सड़कें भी बनाई जाएगी। गोयल ने बताया कि ये सभी विकास कार्य नायब-असीम की जोड़ द्वारा पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में असीम गोयल के मंत्रिपद पर रहते हुए पास करवाए थे। उस समय आचार संहिता लगने की वजह काम शुरू नहीं हो पाए थे। लेकिन अब अंबाला शहर के चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो लोग चुनाव जीते हैं वो अब कहीं दिखाई नहीं दे रहे। खुले मंच पर आकर बताए कि वो अंबाला शहर के विकास के लिए क्या कर रहे हैं? इस दौरान निगम सदस्य जसबीर सिंह,रूबी सौदा, यतिन बंसल,फकीर चंद विक्रम,मनोनीत सदस्य सुरेश सहोता,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरविंदर मानकपुर,अमन सूद,भाजपा नेता सुंदर ढींगरा,सब्जी मंडी एसोसिएशन प्रधान अमरनाथ,अरविंद सीकरी,भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बीनू गर्ग व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



**अंबाला।** सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाते पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि रितेश गोयल व अन्य।

## विकास कार्यों में हेराफेरी के आरोप, ग्रामीणों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

# उज्जलमाजरी और मस्तपुर के सरपंच सस्पेंड, धुरकड़ा की सरपंच पदमुक्त

कारण बताओ नोटिस में संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए सरपंच, डीसी ने दिए कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने दो गांवों के सरपंचों को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए हैं। इससे पहले दोनों सरपंचों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। मगर वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उधर डीसी ने घुरकड़ा की सरपंच को भी पदमुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (ख) के तहत ग्राम पंचायत उज्जल माजरी के सरपंच रविंद्र कुमार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरपंच के खिलाफ गांव के विकास कार्यों में अनियमितता की शिकायत मिली थी। जांच करने पर आरोप सही पाए गए। इसी आधार पर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसी तरह नियमों की अवहेलना करने पर गांव मस्तपुर के सरपंच बलजिंद्र सिंह को भी सस्पेंड किया गया है।

सरपंच बलजिंद्र सिंह पर नियमों के विपरीत गउचरांद की भूमि से मिट्टी उठवाकर निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का आरोप है। जांच में आरोपी सही पाए गए हैं। इसी आधार पर सरपंच के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीसी ने दोनों सरपंचों को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। साथ ही पंचायत राज एक्ट की धारा 51 (2) के तहत ग्राम पंचायत की किसी भी बैठक में दोनों सरपंचों की हिस्सेदारी पर रोक लगा दी है। दोनों सरपंचों को ग्राम पंचायत की चल अचल संपत्ति के साथ रिकार्ड भी बहुमत रखने वाले पंच को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि गांव उज्जल माजरी के जगपाल सिंह व अन्य ग्रामीणों ने गांव के सरपंच रविंद्र कुमार के खिलाफ नियमों के विपरित गांव में विकास कार्यों में अनियमिता बरते जाने के आरोप लगाए थे। इसी प्रकार गांव मस्तपुर के नंबरदार मंगतराम ने गांव के सरपंच बलजिंद्र सिंह पर नियमों के विपरीत गांव की गउचरांद की भूमि से मिट्टी उठवाकर अपने निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए थे। उसने शिकायत के माध्यम से यह भी आरोप लगाए हैं कि ग्राम पंचायत को इसके तहत काफी वित्तीय हानि पहुंची है। इन दोनों मामलों में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व गठित कमेटी द्वारा जांच की गई व मौका निरीक्षण किया गया। दोनों सरपंचों को इस मामले में अपना पक्ष रखने बारे विभाग द्वारा पत्राचार भी किया गया। पत्राचार करने के बावजूद सरपंच निजी सुनवाई के दौरान कोई भी पुख्ता सबूत पेश नहीं कर पाए। इस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उपायुक्त ने गांव उज्जल माजरी के सरपंच रविंद्र कुमार व गांव मस्तपुर के सरपंच बलजिंद्र सिंह को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए।

### सरपंच को किया पदमुक्त

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने हरियाणा पंचायती राज हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (3) (ई) के तहत धुरकड़ा की सरपंच मनप्रीत कौर को सरपंच पद के लिए अयोग्य घोषित करते हुए उसे सरपंच पद से पदमुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। इसी नियमावली के उप नियम (6) (आई) के तहत ग्राम पंचायत की जो भी चल अचल संपत्ति, राशि रिकार्ड को बहुमत रखने वाले पंच को सौंपने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि ग्राम पंचायत धुरकडा की सरपंच मनप्रीत कौर को हरियाणा पंचायती राज हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (3)(ई) के तहत 29 नवंबर 2024 को आरोपित किया गया था। उसके खिलाफ गांव के शमशान घाट में एक बहुत पुराना वृक्ष बिना अनुमति व प्रस्ताव के कटवाने के मामले में शिकायत हुई थी। जांच के दौरान शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए गए थे। इसी आधार पर अब डीसी ने सरपंच को पद मुक्त कर दिया है। कार्रवाई के बाद सरपंच किसी भी पंचायती बैठक में हिस्सा नहीं ले पाएगी।

# समाज को संतुलित करने के लिए नारी का जागृत होना बेहद जरुरी

- साध्वी अदिति भारती ने श्रद्धालुओं को दूसरे दिन कथा में किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** साध्वी अदिति भारती श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए।

अंबाला शहर के रामबाग ग्राउंड में आयोजित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा प्रस्तुत श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में रोज श्रद्धालु भारी संख्या में हिस्सेदारी कर रहे हैं। दूसरे दिन की कथा में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास भागवत भास्कर साध्वी सुश्री अदिति भारती ने महिषासुर वध गाथा का विस्तृत वर्णन किया। भारतीय शास्त्र ग्रंथों की विलक्षणता को उद्घाटित करते हुए साध्वी ने बताया की मां के अवतरण की यह विविध कहानियां अपने भीतर जीवन परिवर्तनीय व समाज को आंदोलित करने वाले विलक्षण रहस्यों को समेटे है।

महिषासुर वध की गाथा का भी गूढ़ विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए साध्वी ने महिषासुर एक पौराणिक पात्र नहीं अपितु समाज मे बढती हिंसा, बढते बलात्कार, देह व्यापार, बढती अश्लीलता और पथभ्रष्ट होते युवा इस सब का मूल कारण मानव अंतस्त मे जोर पकड़ते काम वासना से विक्षिप्त हुए महिषासुर रुपी मन ही है। मां का महिषमर्दिनी स्वरुप इन सब महिषासुरों के लिए चुनौती है। उन्होंने बताया की जब-जब काम से पीड़ित मनुष्य नारी का तिरस्कार करता है। उसे वस्तु के रूप में देखता है, तब-तब समाज असंतुलित हो जाता है। बढ़ते महिला उत्पीड़न के मामलों की ओर इंगित करते हुए साध्वी ने कहा आशुतोष महाराज का कथन है की यदि समाज को संतुलित करना है, तो नारी को अपने वास्तविक शक्ति स्वरुप के प्रति जागृत होना होगा। साथ ही समाज को भी उसकी ओजस्विता को समझना होगा। साध्वी ने बताया की श्री आशुतोष महाराज के नेतृत्व में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान अपने लिंग समानता कार्यक्रम- संतुलन के माध्यम से नारियों को सशक्त, समाज को नारी के अस्तित्व के प्रति जागृत और कन्या भ्रूण हत्या नामक कुरीति को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए निरंतर कार्यरत है। मन के भीतर पनप रहे महिषासुर का सूत्र समझाते हुए साध्वी ने सतगुरु प्रदत्त ब्रह्मज्ञान की अनिवार्यता को रखा और कह की शांतमय विश्व की स्थापना हेतु सकारात्मकता को संगठित होना होगा।

# हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के विकास के लिए मेट्रो रेल जरूरी

- मंत्री अनिल विज बोले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात के बाद मिला पॉजिटिव रिस्पांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** मनोहर लाल से मुलाकात करते मंत्री अनिल विज। फाइल फोटो

अंबाला-चंडीगढ़ के मध्य मेट्रो ट्रेन चलाने को लेकर ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से पिछले दिनों मुलाकात की थी। इसी मामले को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि चंडीगढ़ केंद्र शासित है जोकि हरियाणा-पंजाब की राजधानी है। यहां कामकाज व व्यापार के लिए रोजाना हरियाणा-पंजाब आते-जाते हैं। मगर चंडीगढ़ जाने के लिए एकमात्र सड़क पर भारी यातायात रहता है। कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। इसलिए हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ के विकास के लिए यहां मेट्रो रेल जरूरी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया है। इस मामले को लेकर केंद्रीय मंत्री से विस्तृत वार्ता हुई है कि किस-किस रुट पर मेट्रो रेल चलेगी। उन्होंने बताया कि यह भी विचार सामने आ रहा है कि मोहाली एयरपोर्ट को भी मेट्रो रुट से जोड़ा जाए। विज ने कहा कि मेट्रो रेल लगाने की नींव डल चुकी है। जिस प्रकार पहले बीज डालना पड़ता है फिर खाद व पानी देना होता है तो पेड़ बड़ा होता है। इसी प्रकार, मेट्रो रेल लगाने के लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री के समक्ष मांग रखते हुए बीज डाल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस में सर्वोच्च सम्मान मिलने पर विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान मिलना देश के 140 करोड़ लोगों के लिए सम्मान की बात है। नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री है जिनको कई देशों में उन देशों के सर्वोच्च सम्मान मिल चुके हैं।

# 114 मामलों में जब्त किए 11.24 करोड़ के नशीले पदार्थ

- आईजी ने जब्त नशीले पदार्थों की जांच की, जांच के बाद सभी पदार्थ सीलबंद किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** नशीले पदार्थों की जांच करते आईजी व अन्य पुलिस अधिकारी।

- जल्द किए जाएंगे डिस्पोज

अंबाला रेंज के पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन मंगलवार को एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए मादक पदार्थों को चेक किया गया। पुलिस लाइन के एमटी सेक्शन में रखे गए इन पदार्थों को जल्द ही डिस्पोज किया जाएगा। जांच के दौरान एसपी अजीत सिंह शेखावत, डीएसपी क्राइम वीरेंद्र कुमार व अन्य पुलिस अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। जांच

कमेटी के चेयरमैन पंकज नैन की देखरेख में सदस्यों द्वारा एनडीपीएस के पुराने मामलों में जब्त किए गए मादक पदार्थ के 114 मामलों को चेक किया। जांच के दौरान सभी मामले दुरूस्त पाए गए। इन मामलों को चेक करने उपरांत कमेटी की निगरानी में सीलबंद किया गया। जल्द ही इन मामलों में जब्त मादक पदार्थों का डिस्पोज किया जाएगा। इन में चूरापोस्त के 18 केसों में 1416 किलो 08 ग्राम, सुल्फा के 2 मामलों में 6 ग्राम 582 मिलिग्राम, चरस के 8 मामलों में 10 किलो 322 ग्राम 740 मिलिग्राम, गांजा के 14 मामलों में 244 किलो 479 ग्राम, हेरोइन के 38 मामलों में 1 किलो 96 ग्राम 500 मिलिग्राम, अफीम के 15 मामलों में 18 किलो 391 ग्राम 562 मिलिग्राम व नशीली दवाओं के 21 मामलों में 3048 गोलियां, 30118 कैप्सूल, 16 इंजेक्शन शामिल है। जब्त किए गए 114 मामलों में जब्त नशीले पदार्थों की अंतर्राष्ट्रीय कीमत 11 करोड़ 24 लाख 64 हजार 259 रूपये आंकी गई है। इसके बाद आईजी ने ने पुलिस ऑफिसर संस्थान में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की भलाई का ध्यान में रखते हुए सी-स्तरीय कल्याण गोष्ठी में भाग लिया। इस गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र नितिश अग्रवाल, यमुनानगर से उप-पुलिस अधीक्षक कवंल जीत, कुरूक्षेत्र से उप-पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश, अंबाला से उप-पुलिस अधीक्षक रजत गुलिया व अंबाला मंडल के लगभग 55 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने भाग लिया। नैन ने गोष्ठी में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से भलाई के लिए उनके रखे गए सुझावों पर विचार विमर्श करने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निपटान किया जाए। आवश्यक हो तो बी-स्तरीय कल्याण गोष्ठी के लिए उच्चाधिकारियों को समस्याओं के समाधान हेतु पत्र व्यवहार किया जाए। उन्होंने अंबाला रेंज के सभी जिलों में पुलिस सेंट्रल मैस बनवाने के बारे में भी अधिकारियों से विचारविर्मश किया। पुलिस कर्मचारियों के वेलफेयर से जुड़ी सभी लोन, मेडिकल बिल की फाइलों का समय पर निपटारा करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस डीएवी स्कूल में खेल नर्सरी स्थापित करने पर भी जोर दिया ताकि मिशन 2036 ओलंपिक खेलों में मेडल प्राप्त किए जा सके।

# ऑपरेशन में लापरवाही से 17 साल के किशोर की मौत

- परिजनों ने केडी अस्पताल के संचालकों के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत, पुलिस ने दर्ज की डीडीआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक निजी अस्पताल में 17 साल के किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। बेटे की मौत से बिफरे परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। परिवार ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने कहा कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही की वजह से उनके बेटे की जान चली गई। हंगामा बढ़ता देख मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने पीड़ित परिवार को शांत करवाया और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिवार के लोगों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ शिकायत दी है। घटना अंबाला छावनी के महेश नगर स्थित केडी अस्पताल की है। सोमवार रात अस्पताल में कोहनी के ऑपरेशन के दौरान पटियाला के गांव घग्गर के 17 वर्षीय साहिब सिंह की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर व अन्य स्टाफ पर उनके बेटे को गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। करीब दो घंटे के बाद मामले को शांत करवाया। इस बीच पुलिस ने डॉक्टर व अन्य स्टाफ को सुरक्षित निकाला।

## वेतन नहीं मिलने पर जताया रोष, ठेकेदार और चेयरमैन पर लगाए गंभीर आरोप

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से चरमराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगरपालिका में सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार से कार्य का बहिष्कार करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल का कारण एक माह से वेतन न मिलना बताया गया है। अब स्थिति यह बन गई है कि दो माह का वेतन लंबित हो चला है। कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।करीब 50 सफाई कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल हैं, जिससे क़स्बा की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। सड़कों और गलियों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने लगे हैं। दुर्गंध के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कई वार्डों में गंदगी से हालात बिगड़ते जा रहे हैं।



**बराड़ा।** कर्मचारी नारेबाज़ी करते हुए।

### घर का गुजारा हुआ मुश्किल

कर्मचारी संघ प्रधान वेद प्रकाश और उपप्रधान जसमीत कुमार ने बताया कि वेतन समय पर न मिलने के कारण उन्हें अपने परिवार का गुजारा चलाना भी मुश्किल हो गया है।कर्मचारियों को अभी तक मई माह का वेतन नहीं मिला है और अब जून का महीना भी आधा निकल चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार और नगरपालिका चेयरमैन कर्मचारियों को जानबूझकर परेशान कर रहे हैं।

मांगों को नजरअंदाज कर रहे हैं।संघ नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें लंबित वेतन नहीं मिलता, तब तक वे कोई भी सफाई कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो विरोध प्रदर्शन को और उग्र रूप दिया जाएगा।इस बीच नगरपालिका प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं आई है जिससे कर्मचारियों और नागरिकों दोनों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कर्मचारियों की मांगों पर कितनी गंभीरता से विचार करता है और सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए क्या कदम उठाता है। यहां के नागरिक निर्मल सिंह, कविता, सुखविंदर सिंह, दलजीत कौर, आशा, गीता ने भी नगरपालिका प्रशासन से सफाई कर्मचारियों की समस्या का जल्द समाधान कराने की मांग की है। उनका का कहना है कि पहले ही बरसात का मौसम शुरू हो गया है और गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा और बढ़ सकता है। नगरपालिका को तत्काल हस्तक्षेप कर सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाना चाहिए।

### रुका हुआ वेतन शीघ्र जारी करने के दिए निर्देश

*नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने की शिकायत उनके पास आई थी। सफाई कर्मचारियों के रुके हुए वेतन को शीघ्र जारी करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। ठेकेदार को भी सफाई कर्मचारियों को शीघ्र अतिशीघ्र भुगतान करने के लिए कदम उठाना चाहिए ताकि क़स्बा में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।*

***-रजत मलिक, चेयरमैन, नगर पालिका***